# १. स्वास्थ्य



## १.१ मेरी दिनचर्या

| अनुमानत: लगने वाला समय | दैनंदिन कार्य |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |













## १.२ शारीरिक स्वच्छता

**मैं सदैव स्वच्छ करता / करती हूँ ।**

**निम्न तालिका हाँ / नहीं लिखकर पूर्ण करो ।**

| | | |
|---|---|---|
| बाल | कंघी, तेल | |
| नाक | रूमाल | |
| आँखें | पानी / रूमाल | |
| दाँत | पेस्ट, ब्रश | |
| नाखून | नेलकटर | |
| त्वचा | साबुन, रूमाल | |








### मेरी कृति

**अपने मित्रों का दैनंदिन कार्य समझ लो ।**

- अभिभावकों की सहायता से दैनंदिन कार्यों की सूची बनवाएँ । शारीरिक स्वच्छता का महत्त्व समझाएँ । नियमित स्वच्छता रखने की आदत डालने के लिए प्रेरित करें ।

## १.३ परिसर स्वच्छता





कक्षा एवं विद्‌यालय परिसर की स्वच्छता





घर एवं घर के परिसर की स्वच्छता

| कृति क्र. | कृति | कभी-कभी | नियमित |
|---|---|---|---|
| १ | अपना कमरा व्यवस्थित रखना । | | |
| २ | अपना सामान जगह पर व्यवस्थित रखना । | | |
| ३ | सावधानी रखें कि अपना घर स्वच्छ रहे । | | |
| ४ | कूड़ा कूड़ेदान में ही डालना । | | |
| ५ | परिसर स्वच्छ रखना । | | |

◆ घर का परिसर एवं विद्‌यालय का परिसर स्वच्छ रखने के लिए बताएँ । स्वच्छता का महत्त्व समझाएँ । परिसर सदैव स्वच्छ रहे इस ओर ध्यान दें । उपरोक्त तालिका में कृति के सामने (✓) अथवा (✗) चिह्न लगाने के लिए कहें ।



## १.४ आहार

ताजा एवं गरम अन्न का सेवन करें । आहार में पत्तोंवाली सब्जियाँ एवं फलों का समावेश करें । सब्जियाँ एवं फल स्वच्छ धोकर ही लें । इससे पेट में जीवाणु प्रवेश नहीं करते । दिनभर पानी का भरपूर सेवन करें ।



तुम दिनभर कौन–सा आहार लेते हो, सूची बनाओ ।

| सुबह (नाश्ता) | दोपहर (भोजन) | शाम (अल्पाहार) | रात (भोजन) |
|---|---|---|---|
| | | | |





## १.५ विश्राम एवं नींद

रात में जल्दी सोना ।
सुबह जल्दी उठना ।
कम–से–कम ७–८ घंटे नींद लेना आवश्यक है ।

◆ दिनभर किए जाने वाले आहार की सूची बनवाएँ । आहार का महत्त्व समझाएँ । दैनंदिन भोजन में घर में जो भोजन बनाया जाता है उसका आनंद लेते हुए सेवन करें । सभी प्रकार की पत्तोंवाली सब्जियाँ खाने की आदत लगें, इस दृष्टि से सूचनाएँ दें ।

## १.६ स्वच्छतागृह का प्रयोग

मलमूत्र के आवेग को रोकना नहीं चाहिए ।

मलमूत्र विसर्जन के बाद हाथ–पैर स्वच्छ धोना चाहिए ।




## १.७ व्यायाम

नियमित व्यायाम करना चाहिए ।

व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ रहता है ।

व्यायाम से शरीर लचीला बनता है ।

ऐसे मैदानी खेल खेलने चाहिए जिनसे बहुत दौड़–धूप हो ।



## १.८ बुरी आदतों की रोकथाम




१. बाजार से खरीदे खाद्यपदार्थों का अधिक सेवन करने से स्वास्थ्य पर दुष्परिणाम होते हैं । बाजार से खरीदे पदार्थ और शीतपेय आदि का सेवन हमेशा नहीं करना चाहिए ।

२. टीवी, संगणक, मोबाइल का अधिक उपयोग करने से आँखों को चोट पहुँच सकती है । टीवी बहुत नजदीक बैठकर नहीं देखना चाहिए ।




३. सार्वजनिक स्थलों पर थूकना, कूड़ा फेंकना, मलमूत्र विसर्जन आदि क्रियाएँ नहीं करनी चाहिए ।

◆ अच्छी आदतें और बुरी आदतों के बारे में जानकारी देकर अच्छी आदतों का महत्त्व समझाएँ ।

## ध्यान में रखो ।

- मैदान साफ–सुथरा रखें ।
- ढीले–ढाले एवं सूती कपड़े पहनें ।
- खेलते समय कैनवास के बूट पहनें ।
- क्रीडा सामग्री की उचित निगरानी रखें ।
- सड़क पर ना खेलें ।
- अंधेरी और निर्जन जगहों पर जाकर न खेलें ।



## १.९ प्रथमोपचार एवं रक्तस्राव



- मैदान पर खेलते समय हमेशा प्रथमोपचार सामग्री अपने साथ रखना ।
- मैदान में गिरने अथवा कुछ चोट लगने पर तुरंत अपने शिक्षकों को बताना चाहिए ।
- प्रथमोपचार पेटी में कौन–सी सामग्री है, इसे पहले ही देखें ।



## १.१० पोशाक

शरीर की रक्षा करने के लिए मौसम के अनुसार पोशाक होनी चाहिए । बरसात में छाता, रेनकोट का उपयोग करने से हमारा शरीर गीला नहीं होता है । जाड़े में ऊन की शॉल, स्वेटर, कनटोपी पहनने से ठंड से तकलीफ नहीं होती । गर्मी में धूप से बचने के लिए सिर पर रूमाल, टोपी, गमछा, स्कार्फ बाँधना आवश्यक होता है । आँखों पर काला चष्मा लगाना भी लाभदायी होता है ।